सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 294 | इंदौर, सोमवार 11 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## लॉकडाउन जैसे संयम की जरूरत

● प्रधानमंत्री ने लोगों को क्यों किया सावधान, कोरोना काल का जिक्र



**नई दिल्ली, (एजेंसी) अमेरिका और ईरान के युद्ध को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से बेहद खास अपील की है। उन्होंने कहा है कि सभी लोग इस बात का प्रयास करें कि पेट्रोल और डीजल कम से कम खर्च करें। इसके अलावा वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी कहा कि अगर टाला जा सकता है तो एक साल तक सोना ना खरीदें ताकि घरेलू मुद्रा को बचाया जा सके। पीएम मोदी ने 'राष्ट्र हित' का हवाला देते हुए कई तरह के नियंत्रण पर जोर दिया है। इसके बाद चर्चा शुरू हो गई है कि क्या एक बार फिर लॉकडाउन जैसी स्थिति बनने वाली है?**

हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था र तेल-गैस की बढ़ी हुई कीमतों को देखते हुए लोगों को ज्यादा से ज्यादा पब्लिक ट्रांसपोर्ट, मेट्रो, बस और ट्रेन का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अलावा लोगों को कार पूल करना चाहिए जिससे कि पेट्रोल बचाया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के समय में हम लोगों ने बहुत सारे ऐसे नियमों का पालन किया है जिनका दोबारा पालन करना अब कठिन नहीं रह गया है।

पीएम मोदी ने देश के नागरिकों से विदेशी मुद्रा भंडार के संरक्षण में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि मौजूदा समय का जो संकट है उसे देखते हुए हमें विदेशी मुद्रा बचाने पर बहुत जोर देना होगा। विदेश में घूमने की, विदेश में छुट्टी मनाने के लिए जाने की मध्य वर्ग में संस्कृति बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा, 'हमें तय करना होगा कि जब यह संकट का काल है और हमारी देशभक्ति हमें ललकार रही है तो कम से कम एक साल के लिए विदेशों में जाने की बातों को टालना चाहिए। भारत में बहुत सारी जगह हैं वहां हम जा सकते हैं। भारत में बहुत कुछ किया जा सकता है।' उन्होंने कहा, 'विदेशी मुद्रा बचाने के जो भी रास्ते हम लोग अपना सकते हैं, उसे अपनानी होगी। हमें विदेश मुद्रा बचानी होगी।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि गोल्ड यानी सोने की खरीद एक और पहलू है, जिसमें विदेशी मुद्रा बहुत अधिक खर्च होती है। एक जमाना था जब संकट आता था, कोई युद्ध होता था तो लोग सोना दान दे देते थे। आज दान देने की जरूरत नहीं है, लेकिन देश हित में हमको एक तय करना पड़ेगा कि कोई भी समारोह हो, कोई भी कार्यक्रम हो हम सोने के गहने नहीं खरीदेंगे। उन्होंने कहा, ' सोना नहीं खरीदेंगे। विदेशी मुद्रा बचाने के लिए हमारी देशभक्ति हमें चुनौती दे रही है और हमें चुनौती को स्वीकार करते हुए विदेशी मुद्रा को बचाना होगा।'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान भैरूंदा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हुए शामिल

# गांवों की जीवन धारा बनी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकास की प्रबल इच्छा-शक्ति हो, तो एक योजना ही पूरे देश के ग्रामीण इलाकों की तकदीर बदल सकती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने यह संभव कर दिखाया है। इस योजना से बनीं सड़कें गांवों की जीवन धारा बन चुकी हैं। ग्रामीण भारत की तकदीर और तस्वीर बदलने में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का योगदान अतुलनीय है। देश-प्रदेश के छोटे-बड़े कस्बों, गांव-देहात, टोले-मजरों की अंतिम सीमा तक पक्की सड़कों की पहुंच हो गई है। अब ग्रामीण क्षेत्रों तक आवागमन बेहद आसान हो गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्राम विकास कार्यक्रमों और लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल में उतारकर समावेशी विकास की लक्ष्य पूर्ति में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से नई रफ्तार मिली है। ग्राम्य भारत का पूरा परिदृश्य ही बदल देने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 साल पूरे होने पर आज मध्यप्रदेश इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बन रहा है। इस योजना का रजत जयंती समारोह वास्तव में ग्रामीण विकास के एक नए युग का उद्घोष है। पीएमजीएसवाय-फोर और पीएम जन-मन का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ



देश के गांवों को मजबूत, टिकाऊ और सर्वकालिक सड़क सम्पर्क से जोड़ने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सीहोर जिले के भैरुंदा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जन-मन) के कार्यों के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री कमलेश पासवान सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर राज्य स्तरीय समारोह का विधिवत् शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पीएमजीएसवाय की 25 वर्षों की यात्रा पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान ने पीएमजीएसवाय-फोर एवं पीएम-जन-मन योजनाओं के स्वीकृति आदेश मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपे। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश को वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित निधि का 830 करोड़ रुपये सांकेतिक आवंटन मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा। कार्यक्रम के दौरान देश के अन्य राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को डिजिटल माध्यम से वर्ष 2026-27 के लिए पीएमजीएसवाय से संबंधित निधि 18 हजार 907 करोड़ रुपये का सांकेतिक वित्तीय आवंटन जारी किया गया। इसमें से 830 करोड़ रुपये मध्यप्रदेश में होने वाले विकास कार्यों के लिए आरक्षित हैं। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के अंतर्गत मध्यप्रदेश को 2 हजार 55 करोड़ रुपये की मदर सैंक्शन जारी कर इसका स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा। केन्द्र सरकार का यह बजट आवंटन ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास और आवासीय सुविधाओं को नई गति देगा। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान ने भारत सरकार द्वारा मूंग एवं सरसों की फसल समर्थन मूल्य में खरीदे जाने का स्वीकृति पत्र भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव सौंपा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव संकल्प के धनी हैं- शिवराज

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव संकल्प के धनी हैं। प्रदेश के विकास में वे कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश में विकास का महायज्ञ चल रहा है। प्रदेश में 973 सड़कों को मंजूरी दी गई है। प्रदेश का कोई गांव पक्की सड़कों ने वंचित नहीं रहेगा। पीएम जनमन के अंतर्गत भी पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 261 करोड़ लागत की नई सड़कों की सौगात मिली है।

# तालाबों का जलस्तर आधे से ज्यादा खाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में 15 जून के आस-पास मानसून सक्रिय होता है, लेकिन उससे पहले शहरवासियों को 30 कठिन दिनों का सामना करना पड़ सकता है। शहर के 60 प्रतिशत से अधिक बोरिंग्स में पानी का स्तर गिर चुका है और कई बोरिंग पूरी तरह सूख गई हैं। स्थानीय तालाबों का जलस्तर आधे से ज्यादा खाली हो गया है। शहर की मुख्य जल आपूर्ति नर्मदा नदी पर निर्भर है, लेकिन इसका जलस्तर समुद्र तल से 147 मीटर तक गिर चुका है। इंदौर में प्रतिदिन कुल 430 एमएलडी पानी की मांग है, लेकिन वर्तमान में केवल 320 एमएलडी पानी उपलब्ध हो पा रहा है। नर्मदा और यशवंत सागर से मिल रही आपूर्ति 350 एमएलडी है। यशवंत सागर



तालाब, जिसकी कुल क्षमता 19 फीट है, आधा खाली हो चुका है और यह तालाब शहर को प्रतिदिन 30 एमएलडी पानी उपलब्ध कराता है। शहर में जल वितरण के लिए हर दिन 600 से अधिक टैंकर दौड़ रहे हैं। कुछ वार्डों में दो टैंकर और कुछ में तीन टैंकर भेजे जा रहे हैं। शहर की 100 से अधिक बस्तियों की गलियां इतनी तंग हैं कि वहां टैंकर या चार-पहिया वाहन तक नहीं पहुँच सकते। गोमा की फेल, पंचम की फेल, लाला का बगीचा, चंदन नगर, अशर्फी नगर, धीरज नगर, कृष्णबाग कॉलोनी सहित कई गलियों में लोग दिनभर खाली बर्तन और केन में पानी भरने के लिए इंतजार कर रहे हैं। तालाबों का कम जलस्तर आसपास की कॉलोनियों के भूजल स्तर को प्रभावित कर रहा है।

# मदर्स-डे पर हाथों में तख्तियां-कैंडल लेकर लगाई गुहार

## नेहरू पार्क से रीगल चौराहे तक निकाला कैंडल मार्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में मदर्स डे के मौके पर संस्था पौरुष ने माताओं को न्याय दिलाने के लिए नेहरू पार्क में प्रदर्शन किया। जिसके बाद वे नेहरू पार्क से रीगल चौराहे तक पैदल पहुंचे और कैंडल मार्च निकाला। इसमें इंदौर का बहुचर्चित राजा रघुवंशी का परिवार, नितिन पडियार का परिवार, जितेंद्र भारती और देवास के प्रवीण पटेल के परिवार के लोग शामिल हुए। इस दौरान संस्था पदाधिकारियों और परिवारजनों ने नारेबाजी भी की। संस्था पौरुष के अध्यक्ष अशोक दशोरा ने बताया कि संस्था पौरुष ने मडर्स-डे पर कैंडल मार्च निकाला है। इसमें जिन माताओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है उनके लिए ये आयोजन किया है।



इसमें राजा रघुवंशी की मां, उमा रघुवंशी प्रवीण पटेल की मां रंजना पटेल, गीता भारती और नितिन पडियार की मां भी शामिल हुई है। उन्होंने कहा कि हम सरकार और सिस्टम से गुहार कर रहे है कि इन माताओं को जल्द न्याय मिले। राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी भी इसमें शामिल हुई। उन्होंने कहा कि नेहरू पार्क से रीगल चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला है। मेरे बेटी की बेरहमी से हत्या की है। इसके बाद भी सोनम खूली घूम रही है। मेरे बेटे को न्याय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि सोनम की जमानत खारिज होना चाहिए और उसे फांसी की सजा मिलना चाहिए। मदर्स डे पर यहीं कहूंगी की एक मां को न्याय मिले और सोनम को सजा मिले। इधर, भाई विपिन रघुवंशी ने कहा कि दस महीने में सोनम हत्या करके बाहर आ गई है। कहीं ना कहीं मेरी मां को न्याय नहीं मिला है। हमने कैंडल मार्च निकाला है। हम चाहते हैं कि हमारे परिवार को न्याय मिले और राजा के दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिले।

# भोजशाला मामले में जल्द आ सकता है फैसला, अंतिम दौर में पहुंची सुनवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला का धार्मिक स्वरूप तय करने के लिए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ में चल रही सुनवाई इसी सप्ताह पूरी हो सकती है। कोर्ट छह अप्रैल से इस मामले में लगातार सुनवाई कर रही है। अब तक याचिकाकर्ता और प्रतिवादी अपनी-अपनी बात कोर्ट के सामने रख चुके हैं।**

इन सभी के तर्क सुनने के बाद अब कोर्ट इनके प्रतिउत्तर सुन रही है। दो याचिकाकर्ताओं ने अपने प्रति उत्तर दे दिए हैं। सोमवार को मुस्लिम पक्ष को अपनी बात रखना है। कोर्ट ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि प्रत्येक पक्ष को अधिकतम 30 मिनट में अपनी बात पूरी करनी है।

कोर्ट ने सभी पक्षकारों से लिखित में तर्क प्रस्तुत करने के लिए भी कहा है। ऐसी संभावना है कि कोर्ट 16 मई से शुरू होने वाले ग्रीष्मावकाश से पहले भोजशाला मामले में सुनवाई पूरी कर ले। मस्जिद पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद पैरवी कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्हें अपना प्रतिउत्तर देना था, लेकिन नहीं दे सके। वह सोमवार को अपनी बात रखेंगे। इसी के साथ कोर्ट अपीलार्थी काजी जकुल्ला की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन के प्रतिउत्तर भी प्रस्तुत करेंगी। इसके पहले हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से एडवोकेट विष्णुशंकर जैन और याचिकाकर्ता कुलदीप तिवारी की ओर से एडवोकेट मनीष गुप्ता अपने प्रतिउत्तर में मस्जिद पक्ष के उस तर्क को खारिज कर चुके हैं, जिसमें कहा था कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट के तहत मुस्लिम पक्ष को भोजशाला में नमाज का अधिकार है। जैन और गुप्ता ने कोर्ट को बताया कि भोजशाला राष्ट्रीय महत्व की संरक्षित धरोहर है और इस श्रेणी की धरोहरों पर प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट लागू ही नहीं होता है। अधिवक्ताओं ने कोर्ट को यह भी बताया था कि किसी भी मस्जिद में वजूखाना, मीनार और मेहराब अनिवार्य रूप से होती हैं। इनके बगैर मस्जिद की कल्पना नहीं की जा सकती; भोजशाला में न वजूखाना है न मीनार। एएसआई की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि यहां मेहराब भी बाद में बनाई गईं। ऐसे में स्पष्ट है कि भोजशाला मंदिर है, मस्जिद नहीं। याचिकाकर्ताओं को यहां 24 घंटे पूजा का अधिकार दिया जाए और नमाज पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए।

# मदर्स-डे पर इंदौर में निकली 'शक्ति ऑन वील्स' कार रैली

## महापौर ने दिखाई हरी झंडी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **इंदौर में मदर्स-डे पर आयोजित 'मदर इंडिया-शक्ति ऑन वील्स' महिला कार रैली को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में महिलाओं को समाज में सकारात्मक बदलाव और नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए एकजुट होने का संदेश दिया गया।**

इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर की मातृशक्ति रानी लक्ष्मीबाई से प्रेरणा लेकर हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि शहर की माताएं इंदौर को अपने बच्चों की तरह सुंदर, सुरक्षित और संस्कारित बनाने में निरंतर योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में फाउंडेशन फॉर ड्रग फ्री वर्ल्ड इंडिया की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कल्पना शर्मा ने महिलाओं से समाज को नशामुक्त बनाने के अभियान में




सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशामुक्त जीवन जीने की शपथ भी दिलाई। कल्पना शर्मा ने कहा कि देवी अहिल्या की नगरी इंदौर की मातृशक्ति एक स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने लोगों से जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक प्रयासों से जुड़ने का आह्वान किया।

# मिलावटी हल्दी लगाने से दूल्हा-दुल्हन की बिगड़ी तबीयत, शरीर पर पड़े चकत्ते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शादी में हल्दी की रस्म को शुभ और पवित्र माना जाता है। हिंदू धर्म के साथ-साथ कई अन्य समुदायों में भी हल्दी का उपयोग परंपरा और सौंदर्य से जुड़ा हुआ है। लेकिन अब यही हल्दी लोगों की सेहत के लिए खतरा बनती जा रही है। बाजार में बिक रही मिलावटी हल्दी के कारण दूल्हा-दुल्हन गंभीर रूप से बीमार पड़ रहे हैं। इसके कारण एलर्जी इतनी खतरनाक हो रही है कि मरीजों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ रहा है।

एमवाय अस्पताल के मेडिसिन विभाग में हाल ही में ऐसे चार मरीजों का इलाज किया गया, जिनकी तबीयत हल्दी लगाने के कुछ समय बाद अचानक बिगड़ गई थी। इनमें दूल्हा और दुल्हन दोनों शामिल थे। इनमें से एक मरीज को वेंटीलेटर पर भर्ती रखना पड़ा। यह मरीज इंदौर के अलावा खरगोन सहित अन्य आसपास के जिलों के हैं। इनमें सांस लेने में दिक्कत, होंठों में सूजन, शरीर पर लाल चकत्ते, कमजोरी और पूरे शरीर में सूजन जैसे लक्षण दिखाई दिए। खरगोन जिले के कसरावद निवासी 21 वर्षीय राखी ने बताया कि हल्दी की रस्म के कुछ समय बाद ही उनके शरीर पर लाल चकत्ते निकल आए। धीरे-धीरे चेहरे पर सूजन बढ़ने लगी और घबराहट महसूस होने लगी। होठों पर सूजन आ गई। सांस लेने में परेशानी होने पर परिवार घबरा गया और नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से इंदौर के एमवायएच में रेफर किया गया। जांच में डाक्टरों ने मिलावटी हल्दी से एलर्जी होना बताया। स्वजन ने बताया कि शादी की रस्मों के हिसाब से सस्ती हल्दी ही खरीदते हैं, क्योंकि यह शरीर में लगाने में ही उपयोग होती है। हमें नहीं पता था कि इस तरह की एलर्जी भी हो सकती है।

दूधिया निवासी 35 वर्षीय गोलू ने बताया कि अप्रैल माह में शादी की रस्म के दौरान परिवार के लोगों ने शरीर पर हल्दी लगाई थी। शुरुआत में सब सामान्य लगा, लेकिन कुछ ही देर बाद चेहरे और होंठों में सूजन आने लगी। अचानक सांस लेने में तकलीफ बढ़ी। इसके बाद अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां विशेषज्ञों ने बताया कि यह गंभीर एलर्जी रिएक्शन है।उन्होंने बताया कि कभी सोचा नहीं था कि शादी की खुशी के बीच हल्दी जैसी पारंपरिक चीज इतनी खतरनाक साबित हो सकती है। खुली हल्दी गांव की ही एक किराना दुकान से खरीदकर लाए थे।

# आयुर्वेद अस्पताल में शुरू हुई ओजोन थैरेपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शासकीय अष्टांग आयुर्वेद हॉस्पिटल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए अब राहत की नई उम्मीद दिखाई देने लगी है। आयुर्वेद आधारित इलाज के साथ यहां शुरू की गई ओजोन थैरेपी से मरीजों को फायदा मिलने का दावा किया जा रहा है। अस्पताल के शल्य तंत्र विभाग में अगस्त 2025 से शुरू हुई इस थैरेपी का लाभ अब तक 400 से ज्यादा मरीज ले चुके हैं। कैंसर का नाम सुनते ही मरीज और उसका परिवार मानसिक, शारीरिक और आर्थिक तनाव में घिर जाता है। ऐसे में सरकारी स्तर पर बिना बड़े दुष्प्रभाव वाले वैकल्पिक उपचारों पर भी जोर दिया जा रहा है। कैंसर के गंभीर दर्द से राहत दिलाने के लिए यह थैरेपी कारगर साबित हो रही है । अस्पताल की आयुर्वेद कैंसर यूनिट में हर साल देशभर से करीब 1000 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। ऑक्सीजन बढ़ाकर शरीर मजबूत करने का दावाशल्य तंत्र विभागाध्यक्ष एवं आयुर्वेद कैंसर यूनिट संचालक डॉ अखलेश भार्गव के मुताबिक ओजोन थैरेपी शरीर में ऑक्सीजन की उपलब्धता बढ़ाने का कार्य करती है। उनका कहना है कि ऑक्सीजन की कमी कई बीमारियों को बढ़ाती है, जबकि ओजोन थैरेपी शरीर की कोशिकाओं को सक्रिय कर रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करने में मदद करती है।

# निगमकर्मी ने युवक के सिर पर मारा डंडा

## नशे में धुत होकर पहुंचा था जोन कार्यालय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी थाने के पास बने नगर निगम के जोन नंबर 14 के कार्यालय में शनिवार शाम जमकर हंगामा हुआ। यहां एक शराब के नशे में धुत युवक के सिर पर नगर निगम के एक कर्मचारी ने डंडा मार दिया, वहीं अन्य कर्मचारियों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की।**



घटना का रविवार को वीडियो सामने आया है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया है और उस पर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, हंगामा करने वाले युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं बताई जा रही है। पुलिस ने मनोज उर्फ गोलू पिता शंकर राव भोंडवे निवासी ऋषि पैलेस कॉलोनी को हिरासत में लिया है। मनोज शनिवार को नशे की हालत में थाने के पास बने नगर निगम के जोन कार्यालय में घुस गया था। इस दौरान उसने काफी देर तक हंगामा किया। नशे में धुत युवक कार्यालय में खड़ी जोन अध्यक्ष व पार्षद शानू शर्मा की गाड़ी के आगे लेट गया। उसने नगर निगम की गाड़ी में भी तोड़फोड़ करने की कोशिश की। यहां नगर निगम के मस्टरकर्मी भरत पर भी मनोज ने हमला कर दिया। इसके बाद निगम कर्मचारियों ने उसके सिर पर डंडा मार दिया। काफी देर बाद पास में बने थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और मनोज को पकड़कर अपने साथ ले गई। जब मनोज यहां हंगामा कर रहा था, तब पुलिस और नगर निगम के कई अधिकारी वीआईपी ड्यूटी में दशहरा मैदान में मौजूद थे।

# पार्सल गिरने से सफाईकर्मी घायल, गोदाम सील




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजमोहल्ला इलाके में रविवार सुबह एक हादसा हो गया। सड़क की सफाई कर रही महिला सफाईकर्मी के ऊपर करीब 1 क्विंटल वजन का पार्सल गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला सुनीता बाली वार्ड क्रमांक 69 में नगर निगम के जोन-2 के तहत सफाई का काम कर रही थीं। इसी दौरान हंसचाल ट्रेवल्स की बस के ऊपर रखा लगेज अचानक उनके ऊपर गिर गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने महिला को उठाकर तुरंत वर्मा यूनियन अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों ने कंधे और पसली में फ्रैक्चर बताया है। महिला ने पुलिस पूछताछ में बताया कि बस के ऊपर सामान चढ़ा रहे व्यक्ति के हाथ से पार्सल छूटकर गिर गया। घटना की जानकारी के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और इंडियन ट्रांसपोर्ट का गोदाम सील कर दिया। नगर निगम अधिकारी ने बताया कि प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के दौरान सुनीता घायल हुई हैं। एआरओ को मौके पर बुलाकर गोदाम सील की कार्रवाई की गई है और जांच जारी है।

# टैंकर की टक्कर से महिला की मौत, बेटा घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तिलक नगर इलाके की बंगाली कॉलोनी में रविवार सुबह सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। पुलिस ने टैंकर जब्त कर लिया है और फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।**

पुलिस के अनुसार अर्चना (40) अपने बेटे गणेश के साथ बाइक पर जा रही थीं। इसी दौरान नगर निगम से अटैच टैंकर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में अर्चना के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई, जबकि बेटा गणेश घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने टैंकर को रोक लिया, लेकिन ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। घायल गणेश ने बताया कि सामने से अचानक टैंकर आया और ब्रेक नहीं लगने से वाहन अनियंत्रित होकर दोनों को टक्कर मार गया। जानकारी के अनुसार अर्चना शंकुतला अस्पताल में काम करती थीं। उनके पति मजदूरी करते हैं और परिवार में एक बेटी और बेटा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है और आगे की जांच जारी है।

# एमडी ड्रग्स मामले में आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने एमडी ड्रग्स मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूर्व में पकड़ाए आरोपी से इसकी जानकारी मिली थी, जिसके बाद टीम ने उसे पकड़ा है। क्राइम ब्रांच ने पूर्व में मोहम्मद अजीम को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। इससे पूछताछ व मिली जानकारी और मुखबीर सूचना के आधार पर टीम ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया, जो ड्रग्स को अन्य राज्यों से खरीदकर इंदौर शहर में सप्लायरों को उपलब्ध करवाता था। मामले में आरोपी मोहम्मद अजीम से 12.87 ग्राम MD ड्रग्स बरामद की थी। इसी कड़ी में पूछताछ में आरोपी शिफान खान उर्फ गब्बू निवासी सदर बाजार इंदौर की जानकारी मिली जो कि फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पता चला कि वह दिहाड़ी वेतन पर रिपेयरिंग आदि का काम करता है और 10वीं क्लास तक ही पढ़ाई की है।

# रिश्तेदार युवती से रेप करने वाला गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर पुलिस ने एक युवती से रेप करने के मामले मे उसके रिश्तेदार को गिरफ्तार कर लिया। युवती ने शनिवार को थाने आकर एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। टीआई तिलक करोले के मुताबिक पीड़िता द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025 में पारिवारिक विवाद के कारण वह जिला खरगोन क्षेत्र से इंदौर आकर अपने रिश्तेदार के निवास पर रहने लगी थी। कुछ समय बाद आरोपी एवं उसकी पत्नी के बीच विवाद होने पर आरोपी की पत्नी अपने मायके चली गई। इसके बाद आरोपी ने घर में अकेलेपन एवं पीड़िता की नाबालिग अवस्था का अनुचित लाभ उठाया। आरोपी द्वारा पीड़िता को डराकर उसके साथ बार-बार जबरन रेप किया। वहीं उसे जान से मारने की धमकी दी। लगातार शोषण करने के चलते पीड़िता गर्भवती हो गई। उसने निजी अस्पताल में पीड़िता द्वारा एक बालक को जन्म दिया गया। घटना की जानकारी परिजनों को होने पर पीड़िता को साथ लेकर थाना चंदन नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोपी पर पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओ मे कारवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस इस मामले में आरोपी का डीएनए भी कराएगी।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में सड़क हादसे में घायल युवक की शनिवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक को बाइक से घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद से पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक का पता नहीं लगा पाई है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक 2 मई की रात सागर (30) पिता मछिंदर सस्ते निवासी शिवाजी नगर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान होलकर कॉलेज के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद पुलिस ने घायल सागर को एप्पल अस्पताल में भर्ती कराया था। पहचान होने पर परिजन उसे अरबिंदो अस्पताल ले गए। चार दिन पहले तबीयत में सुधार नहीं होने पर उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सागर अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनों की महाराष्ट्र में शादी हो चुकी है। परिवार उसके लिए रिश्ता तलाश रहा था।

# बीजेपी नेता की कार में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रजाप्रत नगर स्थित राम टेकरी इलाके में शनिवार रात बीजेपी नेता की कार में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।



फायर ब्रिगेड के अनुसार रात करीब 11 बजे कार नंबर MP09WM4004 में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने करीब 5 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह जल गया। कार द्वारकापुरी निवासी बीजेपी नेता शिवेंद्र सिंह गौड़ की बताई जा रही है, जो सुदामा नगर के रहने वाले हैं। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शुरुआती जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि जांच जारी है। शिवेंद्र सिंह गौड़ प्रदेश युवा मोर्चा से जुड़े रहे हैं और क्षेत्रीय विधायक मालिनी गौड़ के रिश्तेदार भी बताए जाते हैं।

# रेलिंग से टकराई बाइक, युवक युवती की दर्दनाक मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में स्थित लवकुश चौराहे के ब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस घटना में एक युवक और एक युवती की जान चली गई है। जानकारी के अनुसार, दोनों दोपहिया वाहन पर सवार होकर ब्रिज से गुजर रहे थे, तभी उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई। वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही युवती ब्रिज से उछलकर नीचे जा गिरी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के तुरंत बाद राहगीरों की मदद से दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया था। वहीं युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई थी और उसका इलाज जारी था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शनिवार को उपचार के दौरान युवक ने भी दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद से क्षेत्र में शोक का माहौल है और पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को हुई। मृतकों की पहचान पायल चावड़ा और अकरम के रूप में हुई है। ये दोनों विजय नगर इलाके से सुपर कॉरिडोर की ओर जा रहे थे। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों एक ही निजी कंपनी में कार्यरत थे। युवती मूल रूप से कालापीपल की निवासी थी और युवक मंदसौर का रहने वाला था।

# प्रदेश में सभी तरह के उद्योगों की स्थापना पर जोर, युवाओं के लिए रोजगार प्राथमिकता: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## दस्यु प्रभावित क्षेत्र अब प्रगति से बना रहा है नई पहचान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सभी तरह के उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार युवाओं के लिए रोजगार को प्राथमिकता देते हुए किसानों, महिलाओं और गरीबों के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए सक्रिय है। पर्यटन और पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त करेगा।**

गुना क्षेत्र में सीमेंट निर्माण इकाई से डेढ़ हजार लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। अडाणी समूह की ओर से 32 हैक्टेयर भूमि पर इस इकाई की स्थापना के फलस्वरूप 4 मिलीयन टन सीमेंट उत्पादन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को गुना जिले में अंम्बुजा सीमेंट फैक्ट्री के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक विकास, अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण और रोजगार सृजन को नई गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन विकास कार्यों से गुना जिले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा। प्रदेश का ग्वालियर और चंबल अंचल कभी डकैतों की गोलियों से गूंजता था, अब यहां विकास का परचम लहरा रहा है। अब यहां दस्युओं के स्थान पर प्रगति पहचान का माध्यम बनी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। सरकार जनहित के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गुना अंचल के लिए आज होली और दीपावली के त्यौहारों की तरह उल्लास का वातावरण है। इस क्षेत्र में सिंचाई, पानी, बिजली के साथ सभी नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया गया है, जो आगे भी जारी रहेगा।






**उद्योग खुलने से युवाओं को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना होगा : केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया-**

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए मुख्यमंत्री डा. यादव परिश्रम और निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। गुना के विकास के लिए नई दीप माला प्रज्वलित हो रही है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि गुना क्षेत्र में सीमेंट इकाई की स्थापना एक ऐतिहासिक कदम है। यह कार्य बहुप्रतिक्षित था। उन्होंने लगभग सौ वर्ष पूर्व सिंधिया परिवार द्वारा इस क्षेत्र में किए गए औद्योगीकरण के प्रयासों का उल्लेख भी किया। श्री सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों की स्थापना के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिससे गुना के युवाओं को अन्य प्रांतों में रोजगार तलाशने नहीं जाना पड़ेगा। बहनों को भी लखपति दीदी बनाकर समृद्धि का लाभ दिलवाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि कोटा-बीना लाइन के दोहरीकरण, तात्या टोपे विश्वविद्यालय प्रारंभ करने की पहल, जल प्रदाय योजना और सिंचाई योजनाओं के क्रियान्वयन, गुना से देवास राष्ट्रीय राजमार्ग को चौड़ा बनाने के लिए 5 हजार करोड़ के व्यय, गुना के लिए 15 किलोमीटर लंबाई के बायपास जैसे कार्य आमजन को सुविधा प्रदान कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र में गुना -चाचौड़ा- राघोगढ़ क्षेत्र के किसान पंजाब की तरह पहचान बना रहे हैं।

### मध्यप्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र हो रहा सशक्त : श्री प्रणव अदाणी

उद्योगपति श्री प्रणव अदाणी ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से विकास को नई रफ्तार मिली है। अधोसंरचना, लॉजिस्टिक, ट्रांसपोर्ट और अन्य सुविधाओं से मध्यप्रदेश में उद्योग क्षेत्र की मजबूती सुनिश्चित की जा रही है। पीएम गति शक्ति मिशन से औद्योगिक क्षेत्र का वातावरण सशक्त हो रहा है। गत वर्ष भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अदाणी समूह के चेयरमेन श्री गौतम अदाणी ने एक लाख हजार करोड़ से अधिक निवेश का संकल्प व्यक्त किया था, जिसे साकार करने के लिए सीमेंट इकाई की आधारशिला रखी जा रही है। प्रथम चरण में एक हजार 60 करोड़ का निवेश किया जा रहा है, जो आगामी चरणों में तीन गुना से अधिक होगा। श्री अदाणी ने मध्यप्रदेश में कटनी, कैमोर सहित अन्य क्षेत्रों में सीमेंट और अन्य इकाइयों की स्थापना की पहल की गई। समूह द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में भी प्रोजेक्ट अमल में लाए जाएंगे।

### रोड शो में हुआ भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के गुना आगमन पर रोड-शो में नागरिकों ने पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय नागरिक जिनमें युवा, व्यापारी वर्ग, महिला समाज, सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों का अभिवादन किया।



# 'मामा कोचिंग क्लासेस' का किया शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा में 'मामा कोचिंग क्लासेस' का शुभारंभ किया। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित ओशो आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने फीता काटकर और नारियल फोड़कर निशुल्क प्रतियोगी कोचिंग संस्थान का उद्घाटन किया संस्थान में युवाओं को एमपीपीएससी, बैंकिंग, एसएससी, डीआरडीओ और फॉरेस्ट सर्विस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराई जाएगी। विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, आधुनिक अध्ययन सामग्री और परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संकल्प और कड़ी मेहनत से युवा कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पूरी लगन के साथ पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य पर फोकस बनाए रखने की अपील की।

# तेंदुए से भिड़ा 13 साल का बच्चा, गर्दन दबोचकर भगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पिपरिया, एजेंसी। नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में एक तेंदुए ने 13 साल के बच्चे सत्यम ठाकुर पर हमला कर दिया। बच्चे ने सूझबूझ और साहस दिखाते हुए तेंदुए की गर्दन पकड़कर उसे दूर धकेल दिया, जिससे उसकी जान बच पाई। घटना शनिवार शाम पिपरिया फॉरेस्ट बीट के कुर्सी खापा गांव की है।**

आठवीं में पढ़ने वाले बच्चे सत्यम के मुताबिक, मैं खेत के कुएं के पास खेल रहा था, तभी झाड़ियों से निकाल कर तेंदुए ने हमला कर दिया। मैंने तेंदुए की गर्दन पकड़ ली। उसके



नाखून मेरे पेट, पैर में गड़ गए। मैं जोर से चिल्लाया, तभी पिताजी और लोग बचाने दौड़े। मैंने तेंदुए की गर्दन पड़कर उसे पीछे धकेला। परिजनों के चिल्लाने से तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया। हाथ-पैर में तेंदुए के नाखून लगे हैं। पिता महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया- बेटा घर से 100 मीटर दूर खेत में खेल रहा था। शाम करीब 7 बजे सत्यम के चिल्लाने की आवाज आई। हमने देखा एक तेंदुआ उससे झूम रहा है। हम डंडा लेकर दौड़े और चिल्लाए। इस बीच बच्चे ने तेंदुए को गर्दन पकड़कर दूर धकेला। तेंदुआ भाग गया। ईश्वर कृपा और बच्चे के साहस से जान बच गई। रेंजर रेखा ठाकुर, वन रक्षक बरवेंद्र शाह उईके के अनुसार, बच्चे को सरकारी वाहन से पिपरिया अस्पताल ले जाया गया। इलाज के लिए तुरंत एक हजार की राशि दी गई है। आगे भी विभाग से इलाज राशि दिलाई जाएगी। डॉ. सैयद करीम ने बताया कि बच्चे को प्राथमिक इलाज दिया गया है। उसकी हालत स्थिर है।

## अब बिना बिचौलियों के मिलेगी जमीन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट ग्वालियर, एजेंसी।** प्रदेश सरकार और मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआइडीसी) ने औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश की प्रक्रिया को न केवल पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है, बल्कि इसे बिचौलिया मुक्त भी कर दिया है। अब ग्वालियर-चंबल अंचल सहित पूरे प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन आवंटन के लिए किसी दलाल के चक्कर काटने की जरूरत नहीं होगी। एमपीआइडीसी ने अपनी आवंटन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल कर दिया है। विभाग के नए नियमों के मुताबिक, अब देश भर के उद्योगपति सीधे एमपीआइडीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उपलब्ध प्लाट देख सकते हैं। अपनी पसंद और जरूरत के हिसाब से प्लाट को ऑनलाइन ही बुक किया जा सकता है। बुकिंग के बाद उद्योगपतियों को सीधे कार्यालय से संपर्क करना होगा, जिससे भ्रष्टाचार और समय की बर्बादी की गुंजाइश खत्म हो गई है। विभाग के अफसरों का स्पष्ट कहना है कि अब किसी मिडिल मैन की जरूरत नहीं है, तकनीक ने उद्यमियों और सरकार के बीच की दूरी को खत्म कर दिया है।

# 3 IPS अफसरों के तबादले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के गृह विभाग ने 3 आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आशुतोष बागरी को बुरहानपुर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया है। पिछले हफ्ते 2 मई को हुए 62 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर में बुरहानपुर एसपी देवेंद्र पाटीदार को झाबुआ का पुलिस अधीक्षक बनाया था। हफ्ते भर से बुरहानपुर में कोई एसपी पोस्टेड नहीं था। अब 17वीं बटालियन भिंड के कमांडेंट आशुतोष बागरी को बुरहानपुर एसपी बनाया है।

### इन तीन अफसरों के हुए तबादले

**राकेश सगरः** डीआईजी 2nd बटालियन ग्वालियर से डीआईजी पुलिस मुख्यालय भेजा है। **आशुतोष बागरीः** सेनानी, 2nd बटालियन भिंड से एसपी बुरहानपुर बनाया गया। **विदिता डागरः** एडिशनल एसपी ग्वालियर से 2nd बटालियन ग्वालियर में कमांडेंट बनाया है।

## संपादकीय

# पीएम की अपील और ज्वैलरी बाजार का भविष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संडे को देश के नागरिकों से अपील की कि वे अपनी दैनिक आदतों में बदलाव लाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दें। उन्होंने हैदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए लोगों से कहा कि एक साल तक किसी भी शादी या प्रोग्राम के लिए सोना खरीदने से बचें। पीएम मोदी के इस आग्रह के बाद ज्वेलर्स में हलचल मच गई है। चूंकि अभी शादियों का सीजन है। ऐसे में सोने की बिक्री ना होने से उनका कारोबार प्रभावित हो सकता है। भारत में एक साल में अमूमन 3 लाख करोड़ रुपये के सोने का कारोबार होता है। ऐसे में पीएम मोदी की अपील से एक साल में 3 लाख करोड़ रुपये का सोने का कारोबार संकट में पड़ सकता है। देश में शादियों में सोने के गहने देने का प्रचलन है। लड़की को शादी में सोने के कई गहने दिए जाते हैं। सामान्यत: एक शादी में करीब 50 से 100 ग्राम तक के सोने की ज्वेलरी लड़की को दी जाती है। अगर पीएम मोदी के आग्रह पर लोग सोना खरीदना बंद कर दें तो इससे ज्वेलर्स का कारोबार ठप हो सकता है। इसका असर आज सुबह ही दिखाई दे गया। शेयर बाजार खुलते ही गोल्ड स्टॉक्स धड़ाम हो गए और इनमें 10% तक की गिरावट आ गई। भारत में शादियों के सीजन में सोने का व्यापार अरबों-खरबों रुपये का होता है। देश में सालभर में सोने की जितनी मांग होती है, उसका 60 से 70% हिस्सा शादियों के सीजन में बिकता है। चूंकि अभी शादियों का सीजन चल रहा है। जून और जुलाई में भी शादियों के मुहूर्त हैं। इसके बाद नवंबर में शादियां होंगी। इस दौरान सोने की खरीद काफी होती है। ऐसे में सवाल है कि क्या लोग पीएम मोदी की अपील को मानते हुए सोने की बिक्री बंद करेंगे या जारी रखेंगे। लेकिन पीएम की इस अपील ने ज्वेलर्स की चिंताएं बढ़ा दी हैं। भारत में औसतन प्रति वर्ष 40 से 50 लाख शादियां होती हैं। साल 2024 की तुलना में साल 2025 में शादी के आभूषणों की बिक्री में मूल्य के हिसाब से 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2026 में वेडिंग ज्वेलरी सेगमेंट में कुल 2 से 3 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है। अभी पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव है। इससे दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। भारत को महंगी कीमत पर कच्चा तेल खरीदना पड़ रहा है। इस कारण देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ रहा है। भारत अपनी जरूरत का काफी सोना विदेश से आयात करता है। सोने का भुगतान भारत को अमेरिकी डॉलर में करना होता है, जिससे भारत का विदेशी मुद्रा भंडार कम होता है। अगर विदेशी मुद्रा भंडार कम होगा तो रुपये की गिरावट को रोकने और तेल समेत दूसरी कई चीजों को खरीदने के लिए पैसा नहीं बचेगा। नतीजा भारत में आर्थिक संकट और गहरा सकता है। 1 मई को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7.794 अरब डॉलर घटकर 690.693 अरब डॉलर रह गया।

## सैर-सपाटा

# सोलो ट्रिप पर जाना पसंद करती हैं मम्मी तो ये 5 जगह रहेंगी बेस्ट टिकट देख हो जाएंगी खुश



**मदर्स डे का दिन अपनी मां के प्रति प्यार, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक खास दिन है। भारत सहित दुनिया के कई देशों में यह मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस साल ये दिन 10 मई को मनाया जाएगा। हर साल इस खास दिन पर सभी बच्चे अपनी मां को स्पेशल फील करवाने की पूरी कोशिश करते हैं। ज्यादातर बच्चे मां की पसंद की चीजों को उन्हें देना पसंद करते हैं। मां हमेशा घर के कामों में इतना बिजी रहती हैं कि उन्हें घूमने-फिरने का भी टाइम नहीं मिलता। अगर आपकी मम्मी को सोलो ट्रिप पर जाना पसंद है तो आप उन्हें यहां बताई 5 जगहों में से किसी एक की टिकट दे सकते हैं। यहां देखिए मां को सोलो ट्रिप पर भेजने के लिए 5 जगह-**

### ● 1)ऋषिकेश

मदर्स डे पर मां को सोलो ट्रिप पर भेजने के लिए ऋषिकेश एक बेहतरीन ऑप्शन है। यह जगह सुरक्षित होने के साथ आध्यात्मिक है और यहां की शांति किसी भी मां के लिए एक बेहतरीन अनुभव हो सकती है। इस जगह पर आप मां के लिए ऐसे होटल चुनें जो सुरक्षित और आरामदायक माने जाते हों।

### ● 2) वाराणसी

बनारस के नाम से मशहूर वाराणसी दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक है और मां के सोलो ट्रिप के लिए यह एक भावनात्मक और आध्यात्मिक यात्रा साबित हो सकती है। ये जगह थोड़ी बिजी और भीड़भाड़ वाली है, इसलिए मां के लिए यहां का ट्रिप थोड़ा सावधानी से प्लान करें।

### ● 3) उदयपुर

उदयपुर को 'झीलों की नगरी' और 'पूर्व का वेनिस' कहा जाता है, मां के सोलो ट्रिप के लिए इस जगह को भारत की सबसे सुरक्षित और शाही जगहों में से एक माना जाता है। यहां की संस्कृति, कला और सुंदरता उन्हें एक रानी जैसा अनुभव करवा सकती है। ये जगह दिन के समय थोड़ी गर्म हो सकती है, लेकिन यहां के महल और झीलें शाम को बहुत सुहावनी बना देती हैं।

### ● 4) मुन्नार

मई के महीने में उत्तर भारत में गर्मी अपने चरम पर होती है। ऐसे में मुन्नार सोलो ट्रिप के लिए बेहतरीन जगह साबित हो सकता है। यहां चाय के बागानों की खुशबू, धुंध से ढकी पहाड़ियां और सुहावना मौसम मां को एक ताजगी भरा और सुकून देने वाला अनुभव हो सकता है। मां के लिए सुरक्षा और शांति को ध्यान में रखते हुए, शहर की भीड़ से थोड़ा दूर किसी टी गार्डन रिजॉर्ट या होमस्टे में उनका ठहरना प्लान करें।

### ● 5) शिलॉन्ग

शिलॉन्ग को'पूर्व का स्कॉटलैंड' कहा जाता है, मां के सोलो ट्रिप के लिए ये एक बहुत ही रिफ्रेशिंग और सुरक्षित जगह है। उत्तर-पूर्वी भारत की संस्कृति और वहां की महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव इस जगह को महिला यात्रियों के लिए देश की सबसे सुरक्षित जगहों में से एक बनाता है।

New Delhi

# पीएम मोदी की 7 अपीलें उपदेश नहीं नाकामी पेट्रोल, सोना और WFH वाली बात पर बरसे राहुल गांधी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से 7 अपील की हैं। खासतौर पर लोगों से वर्क फ्रॉम होम करने की अपील की है और पेट्रोल-डीजल आदि की खपत को भी सीमित करने को कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस अपील को एक वर्ग ने देश हित में माना है तो वहीं कुछ लोग इसे सरकार की नाकामी से जोड़ रहे हैं। अब नेता विपक्ष राहुल गांधी का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की बात उपदेश नहीं है बल्कि नाकामी के सबूत हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आखिर अपने 12 सालों के कार्यकाल में देश को मोदी सरकार ने क्या दिया है। हालात



यहां तक हैं कि लोगों को बताना पड़ रहा है कि क्या वे क्या खरीदें और क्या नहीं। राहुल गांधी ने लिखा, 'मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे - सोना मत ख़रीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं - ये नाकामी के सबूत हैं। 12 साल में देश को इस मुक़ाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है - क्या ख़रीदे, क्या न ख़रीदे, कहां जाए, कहां न जाए।' इसके आगे कांग्रेस सांसद लिखते हैं कि हर बार ज़िम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं ताकि ख़ुद जवाबदेही से बच निकलें। देश चलाना अब Compromised PM के बस की बात नहीं। राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस के एक और सांसद कार्ति चिदंबरम ने भी सवाल उठाया है।

P. Bangal

# बंगाल सीएम सुवेंदु के पीए हत्याकांड में 3 संदिग्ध पकड़ाए



**कोलकाता/पटना/लखनऊ, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (PA) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में बिहार के बक्सर और यूपी के अयोध्या से 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (STF) तीनों को अपने साथ कोलकाता लेकर गई है। बताया जा रहा है कि बंगाल पुलिस ने बक्सर में रविवार रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान मयंक मिश्रा और विक्की मौर्य को हिरासत में लिया। वहीं अयोध्या से राज सिंह को अयोध्या से गिरफ्तार किया गया है। राज सिंह शार्प शूटर है। वह बलिया का रहने वाला है। रथ की हत्या के बाद से वह बक्सर में रह रहा था। बक्सर में पूछताछ के बाद उसके अयोध्या में छिपे होने की सूचना मिली थी। हालांकि, बिहार और यूपी पुलिस मामले पर अभी कुछ भी बताने से बच रही है। बंगाल चुनाव के नतीजे आने के दो दिन बाद 6 मई को 42 साल के चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम इलाके में हुई। हमलावर ने रथ की कार रुकवाकर कई राउंड फायरिंग की थी। रथ को सीने और पेट में तीन गोलियां लगी थीं। बंगाल पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद रथ की हत्या में सुपारी किलर्स के शामिल होने की आशंका जताई थी। पुलिस ने कहा कि शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि रथ की हत्या प्लानिंग के तहत की गई।

Himachal Pradesh

हिमाचल में बड़ा हादसा

# चंबा के ककीरा में टेंपो ट्रैवलर खाई में गिरा, छह की मौत

**चंबा, (एजेंसी)** भारी बारिश ओर तेज तूफान के बीच गुजरात के पर्यटकों का टेंपो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त होने से 6 पर्यटकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार बुरी तरह से घायल हुए हैं। घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार दिया गया। जिसमें से तीन पर्यटकों को प्राथमिक उपचार देने के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा में भटियात के ककीरा में ये दुर्घटना आज सुबह तीन बजे के करीब हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर रवाना हो गई। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसपी विजय सकलानी ने की है।





Uttarpradesh

यूपी में ट्रेन में कत्ल

# स्टेशन से रेल चलने के पांच मिनट बाद हत्या, फिर फेंकी लाश, 7KM तक गए कातिल

**चंदौली, (एजेंसी)** चंदौली के पीडीडीयू नगर में ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन को कुचमन से सकलडीहा तक 8 किमी की दूरी तय करने में 35 मिनट का समय लगता है। रविवार को ट्रेन में सवार यात्रियों के लिए 35 मिनट का सफर खौफ के बीच बीता।

कुचमन स्टेशन से ट्रेन के चलते ही बदमाशों ने मंगरू की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद 7 किमी तक इसी ट्रेन से यात्रा की और सकलडीहा रेलवे स्टेशन से पहले उतर कर भाग गए।

ताड़ीघाट पैसेंजर रविवार की सुबह 6:24 बजे पीडीडीयू जंक्शन के प्लेटफॉर्म 3 से खुली। इस समय तक सब कुछ सामान्य था। ट्रेन सुबह 6:36 बजे कुचमन पहुंची और 06:40 बजे यहां से चली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन चलते ही कोच में मंगरू का दो युवकों से विवाद शुरू



हो गया।

एक युवक ने मंगरू की कनपटी से सटा कर पिस्टल से गोली मार दी। इस बीच ट्रेन एक किलोमीटर का सफर तय कर चुकी थी और दरियापुर के समीप पहुंची थी। यहां हमलावरों ने शव को नीचे फेंक दिया। इसके बाद लगभग 7 किमी की दूरी इसी ट्रेन से तय की।

खेल

# 2019 के बाद पहली बार सीएसके ने 180+ रनों का लक्ष्य हासिल किया, प्लेऑफ की दौड़ से लखनऊ लगभग बाहर

**चेन्नई, (एजेंसी)** उर्विल पटेल की धुआंधार बल्लेबाजी से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को पांच विकेट से हराया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में सीएसके ने 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। 2019 के बाद यह पहली बार है जब सीएसके ने 180+ रनों के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया है।



सीएसके इस जीत के साथ ही अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। सीएसके के 11 मैचों में छह जीत और पांच हार के साथ 12 अंक हैं। सीएसके ने बेहतर नेट रन रेट के कारण राजस्थान रॉयल्स को पीछे छोड़ दिया है। राजस्थान के भी इतने ही अंक हैं। वहीं, लखनऊ प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। लखनऊ 11 मैचों में तीन जीत और आठ हार के साथ छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर मौजूद है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड़ ने सीएसके को अच्छी शुरुआत दिलाई। सैमसन ने शुरुआत से ही हाथ खोले और कुछ अच्छे शॉट्स लगाए, लेकिन दिग्वेश ने उन्हें बोल्ड कर सीएसके को पहला झटका दिया। सैमसन 14 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उर्विल पटेल ने विस्फोटक बल्लेबाजी की और रिकॉर्ड बना लिया। उर्विल ने महज 13 गेंदों पर पचासा पूरा किया और आईपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक लगाया। उर्विल ने इसके साथ ही यशस्वी जायसवाल की बराबरी कर ली है जिन्होंने 13 गेंदों पर ही आईपीएल में अर्धशतक लगाया था। हालांकि, शाहबाज अहमद ने उनकी पारी का अंत किया। उर्विल ने 23 गेंदों पर दो चौकों और आठ छक्कों की मदद से 65 रन बनाए।

उर्विल के आउट होने के बाद सीएसके की पारी लड़खड़ा गई। लखनऊ हालांकि, वापसी करने में तो सफल हुई, लेकिन मौके को नहीं भुना सकी। लखनऊ की हार का एक बड़ा कारण खराब फील्डिंग रही क्योंकि टीम ने तीन कैच छोड़े। दिग्वेश राठी ने दो कैच छोड़े, जबकि निकोलस पूरन ने एक कैच छोड़ा। दिग्वेश और पूरन ने इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे प्रशांत वीर को दो बार उस समय जीवनदान दिया, जब मैच बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया था। इसका खामियाजा टीम को उठाना पड़ा। सीएसके के लिए ऋतुराज ने 42, कार्तिक शर्मा ने 20 और डेवाल्ड ब्रेविस ने 10 रन बनाए। वहीं, प्रशांत 12 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से नाबाद 18 और शिवम दुबे सात गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 15 रन बनाकर नाबाद लौटे। लखनऊ की ओर से दिग्वेश और शाहबाज अहमद को दो-दो विकेट मिले, जबकि आवेश खान को एक सफलता मिली।

इससे पहले, जोश इंग्लिस और शाहबाज अहमद की शानदार पारियों की मदद से लखनऊ सुपर जाएंट्स ने सीएसके को 204 रनों का लक्ष्य दिया।

सिनेमा

# तेलुगु अभिनेता भरत कांत का सड़क दुर्घटना में निधन, ट्रक से हुई कार की भिड़ंत; पुलिस ने शुरू की जांच



तेलुगु सिनेमा से एक दुखद खबर सामने आ रही है। अभिनेता भरत कांत का एक भीषण सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। इस दौरान उनके साथ प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर जी साई त्रिलोक भी मौजूद थे। दोनों की कार की ट्रक से भिड़ंत में मौके पर ही मौत होने की खबर सामने आ रही है। एएनआई के मुताबिक, घटना हैदराबाद आउटर रिंग रोड पर हुई। हैदराबाद के आदिबतला पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओआरआर के एग्जिट नंबर 12 के पास एक ट्रक से कार की टक्कर में तेलुगु अभिनेता भरत कांत और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना कल रात हुई। आदिबतला पुलिस ने बताया कि हमने मामला दर्ज कर लिया है, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रहे हैं। आदिबतला इंस्पेक्टर बी रवि कुमार के मुताबिक, 'जब कार एग्जिट संख्या 12 के पास पहुंची, तो कार चला रहे भरत कांत ने आगे चल रहे एक कंटेनर ट्रक को टक्कर मार दी। भरत कांत और साई त्रिलोक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।' मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस कार में दोनों यात्रा कर रहे थे, वह इस भीषण टक्कर से पूरी तरह से चकनाचूर हो गई थी। यह घटना तब घटी जब वे नेल्लोर से हैदराबाद लौट रहे थे।




1. 'Jana Nayagan' may release in 2 weeks: Producer after Vijay becomes TN CM
2. Female AAP worker shouts & tries to stop PM Modi's convoy in Hyderabad
3. Female AAP worker shouts & tries to stop PM Modi's convoy in Hyderabad
4. What is the cost of shielding Indian citizens from global energy crisis?
5. Fan with 'Made in Pakistan' label found in madrasa in UP, 2 detained

# Gold Rate Today: Prices fall after PM Modi's no-buying for one year appeal amid US-Iran war

**NEW DELHI, (Agency).** The gold rate fell on Monday after Prime Minister Narendra Modi appealed to Indians not to buy the precious metal amid the US-Iran war in West Asia and the global economic uncertainty it has caused.

Addressing a BJP rally in Hyderabad, PM Modi said India must conserve foreign exchange reserves and reduce fuel consumption as global supply chains remain under pressure due to the prolonged conflict in West Asia.

"Gold purchases are another area where foreign exchange is used extensively. In the national interest, we must resolve not to purchase gold for a year," he said. India is one of the world's largest importers of gold, and purchases rise significantly during weddings and festive seasons. Since gold is largely imported, higher demand increases dollar outflow and widens the country's import bill.



The rate of 24 carat gold is ₹15192.0 per gm, down by ₹603.0. The rate of 22 carat gold is ₹13915.872 per gm, down by ₹552.35. 24 carat gold's rate has changed in the last one week by -1.84%, whereas in the last month it has changed by 0.13%. The silver rate is ₹262557.0 per kg, up by ₹709.0.

The gold rate in Delhi today is ₹151920.0/10 grams. Yesterday, on 10-05-2026, the price of gold was ₹152523.0/10 grams, and last week, on 05-05-2026, it was ₹149724.0/10 grams.

Silver rate in Delhi today is ₹262557.0/Kg. Yesterday, on 10-05-2026, the price of silver was ₹261848.0/Kg, and last week, on 05-05-2026, it was ₹239178.0/Kg.

The gold rate in Chennai today is ₹153357.91/10 grams. Yesterday, on 10-05-2026, the price of gold was ₹153895.71/10 grams, and last week, on 05-05-2026, it was ₹151071.52/10 grams.

Silver rate in Chennai today is ₹264878.64/Kg. Yesterday, on 10-05-2026, the price of silver was ₹264204.63/Kg, and last week, on 05-05-2026, it was ₹241330.6/Kg.

# Dua Lipa says Samsung used her image to sell TVs without consent,

**NEW DELHI, (Agency).** British pop star Dua Lipa has filed a lawsuit against Samsung Electronics seeking at least $15 million in damages, accusing the South Korean tech giant of using her image without permission to market its television sets. The lawsuit alleges that Samsung featured a copyrighted image of the pop star on the front of cardboard boxes containing televisions for retail sale, enabling the company to benefit from what seemed like her endorsement of the product. The image alleged to have been used on the TV boxes is titled "Dua Lipa - Backstage at Austin City Limits, 2024," and Lipa is the owner of all rights, title and interest in the image, the lawsuit said. The suit was filed on Friday in the California federal court.

A spokesperson for Samsung Electronics declined to comment, saying it was unable



to comment on pending litigation, while Dua Lipa's lawyers did not immediately respond to a request for comment on the case. Besides copyright and trademark infringement, Dua Lipa has accused Samsung Electronics of breaching publicity rights.

Lipa's lawyers have attached screenshots of social media postings and comments in the filing claiming that the pop star's image on the front of the boxes pushed potential customers to purchase the product. One of these screenshots shows a fan commenting that they would get the TV "just because Dua is on it." The "Levitating" singer became aware of Samsung's alleged infringement in June last year and demanded that Samsung stop using her image, but the electronics manufacturer repeatedly refused to do so, her lawyers said.

Samsung's alleged unauthorised use of Dua Lipa's image has "caused and continues to cause dilution" of the pop star's "brand identity and commercial goodwill by falsely conveying to the consuming public that she approves of and endorses" the products in question, they added.

# नाश्ते की दुकान पर गैस टंकी में लीकेज होने से लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूड़िया इलाके में रविवार सुबह एक नाश्ते की दुकान पर गैस टंकी में लीकेज होने से आग लग गई। गश्त पर निकली एसीपी सहित एफआरवी टीम मौके पर पहुंची।**



लसूड़िया के एमआर-3 क्षेत्र में श्याम नाश्ता कॉर्नर दुकान में आग लगने की सूचना पुलिस को मिली थी। सबसे पहले एफआरवी टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद गश्त कर रहीं एसीपी रुबीना मिजवानी भी वहां पहुंच गईं। जवानों ने एसीपी के साथ मिलकर गैस टंकी में लगी आग बुझाई गई। एमआर 3 रोड सनसिटी के पास मकान के बीच यह खाली प्लाट है। आग में सरस्वती नगर निवासी भगवान सिंह (50) भी थोड़ा झुलस गए। उन्हें अस्पताल भिजवाया गया। आग बुझने के बाद भी टंकी से गैस निकल रही थी। इसे देखते हुए एसीपी मिजवानी ने आसपास मौजूद सभी पुलिसकर्मियों को दूरी पर रहने के निर्देश दिए। टंकी से गैस पूरी तरह खत्म होने के बाद ही एसीपी और पुलिस टीम वहां से रवाना हुई। रहवासियों ने बताया कि गैस टंकी में काफी देर से आग लगी हुई थी। उन्होंने समय पर पहुंचकर मदद करने के लिए पुलिस का धन्यवाद दिया। हालांकि, दमकल टीम समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी थी।

# व्यापारी की मौत मामले में कार चालक पर FIR

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एक अन्य मामले में खुड़ैल थाना क्षेत्र में इंदौर-नेमावर रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक्टिवा सवार 60 वर्षीय व्यापारी की मौत हो गई। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक हादसा 3 मई को ग्राम सिंधी बरौदा के पास डायमंड क्रिस्टल प्रायवेट लिमिटेड कांच फैक्ट्री के सामने हुआ था। मृतक की पहचान तुषार पिता हसमुखलाल शाह (60) निवासी महावीर नगर, तिलक नगर के रूप में हुई है। वह एक्टिवा (MP09-EA5178) से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही क्रेटा कार (MP09-WM8270) के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में तुषार शाह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इंडेक्स अस्पताल भेजा गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद कार नंबर की पहचान कर चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक